# आवास योजना का निरीक्षण, हितग्राही नहीं रहेंगे वंचित

**नोडल अधिकारी और सीएमओ ने वार्डों में घूमकर लिया आवास योजना का जायजा**





फोटो 29 शिव 03,04

शिवपुरी। नगर परिषद रन्नौद में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित न रहे, नोडल अधिकारी लज्जाराम राजौरिया (नायब तहसीलदार) एवं सीएमओ रन्नौद विष्णु कुमार भदकारिया ने आदिवासी बाहुल्य वार्ड क्रमांक 13, 14 और 15 के साथ-साथ वार्ड क्रमांक 4 का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने वार्डों में घूम-घूमकर लाभार्थियों की स्थिति का जायजा लिया और पात्र हितग्राहियों को योजना से जोड़ने के लिए प्रयास किए।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत नवीन परियोजना की स्वीकृति का प्रस्ताव मप्र शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय, वल्लभ भवन भोपाल को प्रस्तुत किया जाना है। इसी के मद्देनजर नगरीय निकाय रन्नौद में हितग्राहियों के आवेदन, पात्रता सर्वेक्षण और पुन: जांच की कार्यवाही की जा रही है। इसके लिए हाल ही में एसडीएम अनूप श्रीवास्तव द्वारा एक विशेष दल का गठन किया गया है, जिसका नोडल अधिकारी लज्जाराम राजौरिया (नायब तहसीलदार) को बनाया गया है। यह दल यह सुनिश्चित करेगा कि योजना से किसी भी पात्र हितग्राही को वंचित न रहना पड़े।

## रन्नौद नगर परिषद ने संभाग में पाया दूसरा स्थान

शिवपुरी। जिला कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 पर शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण में रन्नौद नगर परिषद ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अगस्त माह की जारी रैंकिंग में रन्नौद नगर परिषद ने ग्वालियर-चंबल संभाग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 100 प्रतिशत स्कोर के साथ ए-ग्रेड प्राप्त कर दूसरा स्थान पाया है। वहीं प्रदेश स्तर पर भी रन्नौद नगर परिषद ने 10वां स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। इससे पहले जुलाई माह में भी नगर परिषद रन्नौद ने 100 प्रतिशत स्कोर के साथ ए-ग्रेड पाकर संभाग में प्रथम स्थान हासिल किया था। इस निरंतर सफलता के लिए आयुक्त द्वारा नगर परिषद रन्नौद को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के पीछे कोलारस एसडीएम अनूप श्रीवास्तव की सतत निगरानी, ई-केवाईसी जैसे कार्यों पर स्पष्ट निर्देश तथा रन्नौद नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी विष्णु कुमार भदकारिया के नेतृत्व में टीम की सक्रिय कार्यशैली रही। टीम की मेहनत और समन्वित प्रयासों के कारण नगर परिषद ने यह सफलता प्राप्त की है। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण ने भी नगर परिषद की कार्यकुशलता को और सशक्त बनाया है। यह उपलब्धि जिले के अन्य नगरीय निकायों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

**इनका कहना है...**



नगर परिषद को इसी तरह सक्रिय और जिम्मेदार कार्य करते रहना चाहिए। केवल हेल्पलाइन ही नहीं, बल्कि अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों को भी प्राथमिकता के साथ सुनना और उनका त्वरित निराकरण करना आवश्यक है। ऐसा करने से आमजन को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा और शासन की योजनाओं का उद्देश्य भी सफल होगा।

**रवीन्द्र कुमार चौधरी, कलेक्टर शिवपुरी**

# गीता स्कूल में मेगा करियर काउंसलिंग फेयर, विद्यार्थियों को दिया मार्गदर्शन



नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 29 अगस्त। गीता पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को एक भव्य मेगा करियर काउंसलिंग फेयर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देशभर की 15 प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटीज़ के प्रतिनिधि और प्रसिद्ध करियर कोच एवं 'तथास्तु' संस्था के संस्थापक उत्कर्ष गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उत्कर्ष गुप्ता एक अनुभवी करियर कोच और मोटिवेशनल स्पीकर हैं, जिन्होंने अब तक हज़ारों विद्यार्थियों को करियर चयन, परीक्षा रणनीति और पर्सनल ग्रोथ में मार्गदर्शन प्रदान किया है। उनकी संस्था तथास्तु विद्यार्थियों को करियर काउंसलिंग, स्किल डेवलपमेंट और कॉम्पिटिटिव एग्जाम गाइडेंस जैसी सेवाएं उपलब्ध कराती है।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों के प्रति जागरूक करना और उनके उज्जवल भविष्य के लिए सही दिशा दिखाना रहा। कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और करियर से संबंधित अपने प्रश्न खुले मन से रखे। उन्होंने एडमिशन प्रक्रिया, विभिन्न कोर्सेस की फीस संरचना, नीट और यूपीएससी जैसी परीक्षाओं की तैयारी, आर्ट्स स्ट्रीम के विकल्प, विश्वविद्यालयों की सुरक्षा और सुविधाएं, प्लेसमेंट अवसर और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की।

यूनिवर्सिटी प्रतिनिधियों ने न केवल विद्यार्थियों के प्रश्नों का समाधान किया बल्कि बोर्ड परीक्षाओं एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के लिए उपयोगी टिप्स भी दिए। इस करियर फेयर में जिन प्रमुख यूनिवर्सिटीज़ ने हिस्सा लिया, उनमें शामिल रहीं वॉक्सन यूनिवर्सिटी, पंडित दीनदयाल एनर्जी यूनिवर्सिटी, बैनेट यूनिवर्सिटी, प्रेस्टीज यूनिवर्सिटी, मेडिकैप्स यूनिवर्सिटी, सिल्वर ओक यूनिवर्सिटी, जेपी यूनिवर्सिटी, श्री अरविंदो यूनिवर्सिटी, मॉडर्न ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट, सीडीएस यूनिवर्सिटी, शारदा यूनिवर्सिटी, अवंतिका यूनिवर्सिटी, आरवी यूनिवर्सिटी, एसजीटी यूनिवर्सिटी और पीसीयू यूनिवर्सिटी। कार्यक्रम का संचालन भी उत्कर्ष गुप्ता ने किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि करियर चुनते समय पैशन, स्किल और स्कोप — इन तीनों का संतुलन बेहद आवश्यक है। उनकी अनुभवपूर्ण गाइडेंस ने विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और नई ऊर्जा का संचार किया।

# फैशन एंड टेक्सटाइल डिजाइनिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ




**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 29 अगस्त।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शिवपुरी में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत फैशन एंड टेक्सटाइल डिजाइनिंग अल्पावधि स्वरोजगार मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पवन कुमार श्रीवास्तव ने स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर की। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों को स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित करेगा और अधिक से अधिक छात्रों को इसमें भाग लेना चाहिए।

जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग शिवपुरी के प्रबंधक अजय तिवारी ने विद्यार्थियों को स्वरोजगार से संबंधित प्राथमिक जानकारी दी। द्धस्स्रस्नष्ठ मैन्युफैक्चरिंग एण्ड प्रोडक्शन कंपनी के डायरेक्टर नीरज सेन ने प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए टेक्सटाइल मैन्युफैक्चरिंग की विस्तृत जानकारी प्रदान की। वहीं डिजाइनर संस्कृति जैन ने फैशन डिजाइनिंग कोर्स के बारे में विस्तार से बताते हुए अपने अनुभव साझा किए और बताया कि स्वरोजगार से इस क्षेत्र में कैसे ख्याति प्राप्त की जा सकती है। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के जिला नोडल अधिकारी डॉ. एस.एस. खंडेलवाल, प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. ममता रानी तथा प्रकोष्ठ सह प्रभारी डॉ. प्रमोद कुमार चिड़ार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. ममता रानी ने किया और आभार व्यक्त डॉ. प्रमोद कुमार चिड़ार ने किया। उद्घाटन सत्र में प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ. अंजुम खान सहित महाविद्यालय का अन्य स्टाफ भी मौजूद रहा।

# बाल ब्रह्मचारी महेंद्र भैया ने किया 'उत्तम मार्दव धर्म' का महत्व स्पष्ट



**पोहरी।** जैन धर्म का दशलक्षण महापर्व पोहरी स्थित श्री 1008 आदिनाथ जैन मंदिर अतिशय क्षेत्र में भक्तिभाव से मनाया जा रहा है। प्रात:कालीन बेला में श्रद्धालुओं द्वारा भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा की गई, इसके पश्चात सामूहिक पूजन-पाठ का आयोजन हुआ। शाम को संगीतमय महाआरती के उपरांत बाल ब्रह्मचारी महेंद्र भैया घुवारा ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए 'उत्तम मार्दव धर्म' पर विस्तार से प्रकाश डाला। अहंकार का त्याग कर, दूसरों के प्रति करुणा का भाव उत्पन्न होना ही उत्तम मार्दव धर्म है। कठोर परिणामों को कोमल बनाने का ही नाम मार्दव धर्म है। महेंद्र भैया ने समझाया कि मार्दव का अर्थ है नम्रता, कोमलता, सौम्यता, करुणा और उदारता। यह मनुष्य को विनम्र बनाता है, जिससे वह दूसरों के दुख को समझकर उनकी सहायता कर सके। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार फल से लदा हुआ वृक्ष झुक जाता है, उसी प्रकार सज्जन व्यक्ति भी सदैव विनम्र रहता है, जबकि सूखा वृक्ष और अज्ञानी व्यक्ति कभी नहीं झुकता। आचार्य समन्तभद्र स्वामी द्वारा लिखित रत्नकरण्ड श्रावकाचार का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ज्ञान, पूजा, कुल, जाति, धन, बल, रूप, वृद्धि और ऐश्वर्य — ये आठ प्रकार के मद (अहंकार) बताए गए हैं। जो आत्मकल्याण में सबसे बड़ी बाधा हैं। जब तक इन्हें त्यागा नहीं जाता, तब तक आत्मकल्याण संभव नहीं।

## एटीएम कार्ड बदलकर 20 हजार रूपये की जालसाजी



बदरवास। नगर में स्तिथ एसबीआई के एटीएम में रुपए निकालने आए युवक से ए टी एम बदलकर रुपए निकाल लिए है,फरियादी ने बताया कि मेरा लक्ष्मण केवट पुत्र प्रताप सिंह केवट निवासी ग्राम अटलपुर थाना बदरवास जिला शिवपुरी का निवासी हूं दिनांक 29.08.2025 को में एसबीआई बैंक शाखा स्थित ए.टी.एम मशीन से रुपये निकाल रहा था उसी वक्त एक अनजान व्यक्ति ने मेरा ए.टी.एम कार्ड बदल कर मेरे खाते से 20000 हजार रूपये निकाल लिए ।

उक्त जालसाज द्वारा दिनांक 29.08.2025 को 01.20 मिनिट पर उसने मेरे ए.टी.एम कार्ड से रुपये निकाले है। मेरे खाता नं. 63039467122 एस. बी आई शाखा बदरवास में है और वह अपना ए.टी.एम कार्ड मुझे दे गया है उस पर नाम रिषिराज सिंह राजपूत लिखा है। उक्त घटना का आवेदक द्वारा थाना बदरवास में आवेदन देकर उक्त जालसाज व्यक्ति पर कार्यवाही की मांग की हैं।

## जिला स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता में गर्वित अग्रवाल ने मारी बाज़ी



**शिवपुरी।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के अंतर्गत मेडिकल कॉलेज शिवपुरी में आयोजित जिला स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता में जिलेभर के होनहार खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का दम दिखाया। इस रोमांचक मुकाबले में गर्वित अग्रवाल (डेरी वालों) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। गर्वित के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से न सिर्फ़ उन्होंने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया बल्कि उनका चयन अब संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भी हो गया है। इस उपलब्धि पर उनके स्कूल ईस्टर्न हाइट्स, मित्रगण एवं परिवार (डेरी वाला परिवार) ने गर्वित को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि वे भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल, परिवार और जिले का नाम रोशन करेंगे।

# हमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम 1 को



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी,29अगस्त।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ 1 सितम्बर को हमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम प्रदेश सहित जिले के सभी स्कूलों में आयोजित करने जा रहा है। इसे लेकर तैयारियों का दौर जारी है। संघ के जिलाध्यक्ष वत्सराज सिंह राठौड़ के नेतृत्व में जिला, तहसील व नगर इकाईयां कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर विद्यालयों में सतत संपर्क कर रही हैं। मप्र शिक्षक संघ ने इस कार्यक्रम के लिए संकल्प पत्र जारी किया है। जिसका विमोचन जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव द्वारा किया गया। इस दौरान संघ के अनिल गुप्ता,विपिन पचौरी अनूप सिंह, अभिषेक शर्मा, बलवीर सिंह तोमर, भरत धाकड़, रोहित मेहते, दिनकर नीखरा, नीरज बंसल, गिर्राज कुशवाह, श्यामसुंदर शर्मा आदि मौजूद रहे। मप्र शिक्षक संघ के जिला मीडिया प्रभारी नीरज सरैया ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य यह जनजागरुकता लाना है कि विद्यालय केवल भवन नहीं है, बल्कि संस्कारों का तीर्थ है और कार्यक्रम के दौरान इसी संकल्प पत्र का वाचन स्कूल के विद्यार्थी व शिक्षक करेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर संभागीय संयुक्त संचालक एवं जिला शिक्षा अधिकारी ने भी आदेश जारी किए हैं जिसमें प्रत्येक स्कूल में कार्यक्रम आयोजित करने का उल्लेख है।

**सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों का सम्मान समारोह आयोजित**

**अशोकनगर।** माह अगस्त 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों का सम्मान समारोह शुक्रवार को अपर कलेक्टर डीएन सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया। श्रीफल, पौधा भेंट कर विदाई दी।

# रक्तदान शिविर में आधा सैकड़ा लोगों ने किया ब्लड डोनेट

**समाजसेवियों के तत्वावधान में पोरसा में हुआ आयोजन**



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/पोरसा, 29 अगस्त।** समाजसेवी आलोक गुप्ता, अमित गुप्ता, श्रीकृष्ण गुप्ता सहित अंबाह नगर के समाजसेवियों के संयुक्त प्रयासों से शुक्रवार को पोरसा में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर स्थानीय नागाजी धर्मशाला में आयोजित हुआ। इस शिविर में आधा सैकड़ा से अधिक लोगों ने रक्तदान किया।

इस शिविर में जेएएच ग्वालियर से डॉ. राकेश सिंह बघेल, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह राजपूत विशेष रूप से मौजूद थे। इस शिविर में रक्तदान करने वालों को प्रमाण पत्र भेंट किए जाएगें। इस अवसर पर आलोक गुप्ता, अमित गुप्ता, अवनीश गुप्ता, दिनेश गुप्ता, डॉ. राधामोहन गुप्ता, शोभित गुप्ता, मयंक गुप्ता, उमेश गुप्ता, दिलीप गुप्ता, प्रियंक गुप्ता, नमन गुप्ता आदि उपस्थित थे। शिविर की व्यवस्थाएं मैत्री वेलफेयर फाउंडेशन संस्था के पदाधिकारियों ने संभाली। जिनमें मिथुन, अन्ना सिंह, प्रकाश, अजय तिवारी, लखन, मनोज शर्मा, आशुतोष सिंह बघेल, विजय, पूजा आदि शामिल थे।

# शिवपुरी पब्लिक स्कूल में 30 अगस्त को करियर काउंसलिंग सेशन

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी,29अगस्त।** शिवपुरी पब्लिक स्कूल में 30 अगस्त को देश की नामी यूनिवर्सिटियों के काउंसलरों द्वारा विशेष करियर काउंसलिंग सेशन आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में बेनिट यूनिवर्सिटी, चितकारा यूनिवर्सिटी, एसजीटी यूनिवर्सिटी, शारदा यूनिवर्सिटी, ग्राफ़िक एरा यूनिवर्सिटी, जेपी यूनिवर्सिटी, वेल्लोर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, अलायन्स यूनिवर्सिटी सहित कई प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञ शामिल होंगे। इस अवसर पर विशेषज्ञ छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के अवसर, एडमिशन प्रक्रिया, विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स और करियर विकल्पों की विस्तृत जानकारी देंगे। साथ ही छात्रों के सवालों का समाधान कर उनके भविष्य की दिशा तय करने में मदद करेंगे।

विद्यालय संचालक अशोक ठाकुर ने कहा कि शिवपुरी जैसे शहर में इस तरह का आयोजन छात्रों के लिए बहुत बड़ा अवसर है। यहां पर उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित संस्थानों से सीधे मार्गदर्शन मिलेगा, जिससे वे अपने करियर को लेकर सही निर्णय ले सकेंगे। वहीं प्रिंसिपल कीर्ति गाला ने बताया कि शिवपुरी पब्लिक स्कूल हमेशा छात्रों को नए अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है और यह सेशन उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। क्या आप चाहेंगे कि मैं इसमें यूनिवर्सिटियों की सूची को बुलेट पॉइंट्स में डाल दूँ ताकि अखबार में और आकर्षक लगे?





**खाई में गिरा डंफर, चालक की मौके पर मौत**

**बदरवास।** बमौर गांव पर क्रेशरों के लिए हो रहे खनन में काले पत्थर का परिवहन कर रहा डंफर खाई में गिरजाने से चालक की मौके पर ही मौत हो गई जिसको लेकर परिजनों ने घटनास्थल पर पहुंचकर हंगामा किया मौके पर पहुंची पुलिस ने मृत डंफर चालक को बाहर निकाला और मामले को शांत कराया,शव को पोस्टमार्टम के लिए बदरवास उपस्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया मार्ग कायम कर जांच शुरू करदी हैं, जानकारी के अनुसार बारई गांव निवासी भरोसा पल पुत्र मनोज पाल उम्र 26 वर्ष डंफर चालक था रोज की तरह काले पत्थर का परिवहन कर रहा था जानकारी के अनुसार नींद की झपकी आजाने से डंफर अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई,मृतक चार भाई थे यह भाइयों में तीसरे न. पर का था युवक अपने पीछे ढाई वर्ष का एक बालक और पत्नी के अलावा माता - पिता सहित भरापूरा परिवार छोड़ गया गया हैं।

## धर्म-कर्म

## महाराष्ट्र समाज द्वारा आयोजित गणेश उत्सव

# सजाई आरती की थी थाली, बच्चों ने बनाए मिट्टी के गणेश

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** दस दिवसीय श्री गणेश उत्सव के दौरान गुरुवार रात महाराष्ट्र समाज द्वारा स्थानीय माधव भवन में आरती थाली सजाओ एवं मिट्टी के गणेश बनाओ प्रतियोगिता के दौरान समाज की प्रतिभाशाली महिलाओं एवं बच्चों द्वारा भाग लिया गया। इस दौरान महिलाओं द्वारा बड़े ही आकर्षक ढंग से आरती की थाली सजाई गईं। एक से बढ़कर एक आरती थाली की सजावट को देखकर दर्शकों ने खूब तारीफ की, इसी तरह समाज के बच्चों द्वारा भगवान गणपति की मिट्टी से छोटी-छोटी आकर्षक प्रतिमाएं बनाई गई। बच्चों की प्रस्तुति को देखकर सभी ने सराहा, प्रतिभागियों ने अपनी कला से सभी का मन मोह लिया। महाराष्ट्र समाज के अध्यक्ष प्रमेंद्र तायडे जॉर्ज ने बताया कि गणेश उत्सव के दौरान विभिन्न तरह की यह प्रतियोगिताएं निरंतर चलेंगी। इस दौरान समाज के महिला पुरुष बच्चे प्रतिभागी रहेंगे। हर उम्र के महिला, पुरुष बच्चों के हिसाब से प्रतियोगिताएं रखीं गईं हैं। इससे समाज की प्रतिभाओं का उत्साह बर्धन होता है। प्रतियोगिताओं के पूर्व श्रीजी की पूजन,आरती की गई, जिसमें महाराष्ट्र समाज के सभी लोग उपस्थित रहे।

**इन्होंने सजाई पूजा की थाली:** प्रतियोगिता के प्रायोजक राजेंद्र सुर्वे कुंदौली, संयोजक पल्लवी सुर्वे थीं। जिसमें स्वाति जाधव, सम्पदा वैद्य,वैशाली शिन्दे, श्वेता जगदाले, रेशमा सुर्वे, यशिका गाड़वे, काजल गाड़वे, मानसी जगदाले, राधिका मुलिक, सीमा मुलिक, हेतवी जाधव, सोनिया लाड़ मनस्वी वैद्य, मृगांका भवंर, अभ्युदय भंवर, सुनंदा वैध, भारती वैध, समृद्धि शिन्दे, हर्षिता तांवे, संघिनी लाड, आरती मोहिते, कविता शिंदे, अदिता लाड़, निविता खेर, आरोही नवग्रह, युग तांबे, सुरभि जोशी, आयुषी जोशी, दिव्या मोहित मनीषा, आकृति सोवानी, कीर्ती सोवानी ने पूजा की थालियां सजाईं।

**इन्होंने बनाए मिट्टी के गणपति:** प्रतियोगिता के प्रायोजक योगेंद्र जाधव, संयोजक स्वामी यादव थीं। जिसमें राधिका मुलिक, मानसी जगदाले, मनीषा, सीमा मुलिक, अदिता लाड नेहा सुर्वे पल्लवी सुर्वे, याशिका गाडवे, काजल गाडवे, कीर्ति सोबानी, आकृति सोवानी, हेतवी जाधव, पूनम जाधव सोनिया लाड दिव्या मोहिते, दिव्यांश मोरे, मान्या चव्हाण, अनन्या शिंदे आर्यन नवग्रह, सार्थक जोशी, बायुस जोशी, आराध्या जोशी, भूमिक खैर, मल्हार वैद्य, शुभम शिंदे, हर्षिता तांबे अशिलसरा सुर्वे समृद्धि शिंदे, सलोनी मोहिते, आरती मोहिते कविता शिंदे, अभिवध्य भार, मेहेन्ता भंवर, रिषभ माश्ता, भावुक अन्बेकर श्रद्धा जोशी ने मिट्टी के गणपति बनाएं। वहीं आज कार्यक्रम मंमे फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

# अवैध हथियार के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार, कई केस पूर्व से दर्ज



**शिवपुरी।** थाना बैराड़ पुलिस ने अवैध हथियार रखने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से धारदार लोहे की छुरी जब्त की है।

थाना प्रभारी बैराड़ निरीक्षक रविशंकर कौशल को मुखबिर से सूचना मिली कि धोरिया रोड ठाकुरबाबा चबूतरा के पास एक व्यक्ति वारदात करने की नियत से अवैध छुरी लिए घूम रहा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी मिथुन पुत्र दौली बाल्मीक (उम्र 21 वर्ष), निवासी टपरा मोहल्ला वार्ड क्रमांक 13 बैराड़ को पकड़कर उसके कब्जे से करीब 100 रुपये कीमत की धारदार छुरी बरामद की। आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 310/2025 धारा 25(2) आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया गया है। इस कार्यवाही में निरीक्षक रविशंकर कौशल, उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र शिवहरे, आरक्षक 1101 चेतन राठौर एवं आरक्षक 875 ज्ञानसिंह रावत की विशेष भूमिका रही।